समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# जम्मू-कश्मीर के CM उमर अब्दुल्ला का बड़ा बयान : अमरनाथ यात्रा हमारी प्राथमिकता, ऑपरेशन परिक्रमा का किया जिक्र।

Publisher Published on 17 May 2025



## सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा – फिलहाल LoC पर स्थिति शांत, कोई सीजफायर उल्लंघन नहीं।

**जम्मू-कश्मीर** के **मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला** ने कहा कि फिलहाल नियंत्रण रेखा (LoC) या अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कहीं से भी **सीजफायर** उल्लंघन की खबर नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है।

सीएम ने बताया कि सीमा पर हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है और डैमेज असेसमेंट रिपोर्ट आने के बाद राज्य सरकार मुआवज़ा पैकेज की तैयारी करेगी। उन्होंने केंद्र से सहयोग की भी बात कही।

**ऑपरेशन परिक्रमा और संसद हमले के बाद भी गए थे डेलिगेशन : उमर**
**उमर अब्दुल्ला** ने ऑपरेशन परिक्रमा का जिक्र करते हुए कहा:"भारत ने पहले भी संसद हमले और ऑपरेशन परिक्रमा के बाद विभिन्न देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजकर अपना पक्ष मजबूती से रखा था। अब एक बार फिर भारत सरकार 7 प्रमुख दलों के नेताओं को शामिल कर ऑल पार्टी डेलीगेशन भेज रही है।"

उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की स्थिति स्पष्ट करने का महत्वपूर्ण अवसर बताया।

**अमरनाथ यात्रा हमारी प्राथमिकता, सुरक्षा और सुविधा पर रहेगा पूरा ध्यान**
कश्मीर में पर्यटन की स्थिति पर चिंता जताते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा:"गर्मी के मौसम में बहुत कम पर्यटक आ रहे हैं। हमारी

प्राथमिकता अमरनाथ यात्रा है। हम चाहते हैं कि श्रद्धालु शांति और सुरक्षा के साथ यात्रा पूरी करें।"

उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि यात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाओं में कोई कमी न रह जाए।

**पाक पीएम के बयान पर क्या बोले उमर अब्दुल्ला?**

पाकिस्तानी पीएम शहबाज़ शरीफ के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा:"यह मामला विदेश मंत्रालय के अधीन आता है। राज्य सरकार इस पर टिप्पणी नहीं करेगी। जवाब देने का अधिकार केंद्र सरकार को है।"

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.